# अभिनव बिंद्रा को प्रतिष्ठित ओलंपिक ऑर्डर से किया गया सम्मानित

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **एथलीट अभिनव बिंद्रा** को **ओलंपिक ऑर्डर से सम्मानित** किये जाने पर शुभकामनाएँ दी। अभिनव बिंद्रा को यह सम्मान **ओलंपिक मूवमेंट (Olympic Movement) में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिये** दिया गया।

- ओलंपिक ऑर्डर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (International Olympic Committee) का सर्वोच्च पुरस्कार है, जो **ओलंपिक मूवमेंट में उत्कृष्ट योगदान के लिये व्यक्तियों को दिया जाता है**, जो ओलंपिक के मूल्यों और आदर्शों को बढ़ावा देने के लिये असाधारण समर्पण को मान्यता देता है।
  - इसकी शुरुआत वर्ष 1975 में हुई तथा इसने **ओलंपिक डिप्लोमा ऑफ मेरिट** को प्रतिस्थापित किया।
  - ओलंपिक ऑर्डर के तीन ग्रेड हैं: स्वर्ण (गोल्ड), रजत (सिल्वर) और काँस्य (ब्रोन्ज़)। गोल्ड ऑर्डर राज्य के प्रमुखों और असाधारण परिस्थितियों हेतु आरक्षित है।
  - ओलंपिक ऑर्डर के अन्य उल्लेखनीय प्राप्तकर्त्ताओं में **इंदिरा गांधी और नेल्सन मंडेला** शामिल हैं।
- यह पुरस्कार पेरिस में **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC)** के **142वें सत्र के दौरान** प्रस्तुत किया गया था।
  - **जून 1894** में स्थापित **IOC ओलंपिक खेलों का संरक्षक** है। यह एक **गैर-लाभकारी स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय संगठन** है।
  - इसका **मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के लुसाने में** है, जो ओलंपिक राजधानी है।
- अभिनव बिंद्रा **भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता** हैं, जिन्होंने **वर्ष 2008 बीजिंग खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा जीती** थी।

**और पढ़ें:** ओलंपिक गेम्स- 2036 की मेज़बानी हेतु भारत की महत्त्वाकांक्षा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/olympic-order-awarded-to-abhinav-bindra